(घ) इस सम्बन्ध में वर्ष 1994-95 के लिए सरकार द्वारा क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) तथा (ख) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद एक संवर्धनात्मक निकाय है । इस लिए यह सीधे निर्यात नहीं करती है । तथापि, यह जापान सहित विभिन्न देशों में हस्तशिल्प के निर्यातों को बढ़ाने में सहायता करती है । वर्ष 1993-94 के दौरान वस्त्र आधारित हस्तशिल्पों का जापान को दिए गए निर्यात के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं है । तथापि, पिछले दो वर्षों अर्थात् 1991-92 और 1992-93 के दौरान उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वस्त्र आधारित हस्तशिल्प का जापान को किए गए निर्यात के मूल्य नीचे दिए गए हैं :–

वर्ष	मूल्य (करोड़ रु० में)
1991-92 . . .	6.79
1992-93 . . .	9.41

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 1993-94 के दौरान जापान को वस्त्र आधारित हस्तशिल्प के हुए निर्यातों में मूल्य के अनुसार लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

(ग) चूंकि हस्तशिल्प के निर्यातों के राज्यवार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं, इसलिए यह जानना संभव नहीं है कि मध्य प्रदेश राज्य से वस्त्र आधारित हस्तशिल्पों का निर्यात कितना हुआ है ।

(घ) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा जापान को निर्यात किए जाने वाले वस्त्र आधारित हस्तशिल्प के लिए 1994-95 के दौरान 19.2 करोड़ रु० का लक्ष्य रखा गया है ।

Modified Garment Export Policy

3848. SHRI SOM PAL : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) what objectives the modified policy of garment export is expected to serve;

(b) whether Government are aware of the reports of tax concessions to exporters being misused for money laundering;

(c) if so, what steps are being taken to check the malpractices; and

(d) if not, whether Government would try to find out such incidents and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) The current Long Term Garment Export Entitlement Distribution Policy (1994-96) (Quota Policy) which is designed to be exporter friendly aims at encouraging increased unit value realisation for quota items simplification of procedures both relating to quota distribution as well as utilisation, greater transparency in the quota policy and effective measures for prevention of malpractices.

(b) to (d) The quota policy does not deal with tax concessions. Tax Concessions to exporters are mainly in the shape of deductions from income under Section 80 HHC of the Income Tax Act. 100% of export profits, as defined in the Income Tax Act, are exempt from tax. Such deductions are allowed on the basis of evidence produced by the exporters.

Golden hand-shake for workers of sick textile mills in Maharashtra

3849. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state :

(a) whether the Maharashtra Government has proposed to offer a golden handshake to the workers of the sick textile mills in that State going on voluntary retirement at the rate fixed for workers of the NTC mills, to be paid out of the National Renewal Fund;

(b) if so, what is the precise proposal and the estimated amount involved in the scheme; and

(c) what is Government's derision thereon ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

हथकरघा विकास केन्द्र और रंगाई (डाईंग) एककों की स्थापना

3850. श्री बीरेन जे० शाह : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा हथकरघा उद्योग के विकास और विस्तार के लिए देशभर में